संख्या-17/2015/140/47-का-3-2015-24/12/2001

प्रेषक,

संजय कुमार सिंह यादव
सयंक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक
उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी
सेक्टर-डी, अलीगंज, लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक : 31 मार्च, 2015**

विषय- उ0प्र0 प्रशासनिक अकादमी, लखनऊ हेतु सृजित अस्थायी राजपत्रित पदों की वित्तीय वर्ष 2015-2016 तक की अवधि की निरन्तरता के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अकादमी के पत्रांक-I-387D/1436, दिनांक 13.01.2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश प्रशासनिक अकादमी, लखनऊ के लिए संलग्न तालिका में अंकित अस्थाई पदों को उनकी वर्तमान सेवा शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन दिनांक 01 मार्च 2015 से लेकर 29 फरवरी, 2016 तक, यदि ये पद बिना किसी पूर्व सूचना के पहले समाप्त न कर दिए जाय, निरन्तर चलते रहने की स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- इन पदों पर कार्यरत पद धारकों को समय-समय पर जारी किए गये निर्देशानुसार मंहगाई भत्ता व अन्य भत्ते देय होगें।

3- संलग्न तालिका में उल्लिखित उप निदेशक तथा संकाय सदस्यों के पदों की निरन्तरता इस शर्त के साथ जारी की जाती है कि इन पदों को नियमानुसार शीघ्र भरने की कार्यवाही अकादमी करे।

4- उपरोक्त पदों पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में होने वाला व्यय अनुदान संख्या-19 के लेखाशीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-आयोजनेत्तर-003-प्रशिक्षण-10-उ0प्र0 प्रशासनिक अकादमी, लखनऊ के अन्तर्गत संसुगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-ए-1-1270-67/दस, दिनांक 20.07.1968 तथा कार्यालय-ज्ञाप संख्या-ए-2-877/दस-92-24(8)/82, दिनांक 07.11.1992 में प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत जारी किए जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय

संजय कुमार सिंह यादव
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-17/2015/140/47-का-3-2015-24/8/2001, तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा एवं परीक्षा) प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5.
4. नियुक्ति अनुभाग-1, 2, 4 व 6.
5. वित्त (आय-व्ययक) अनभाग-1/2.
6. वित्त (सेवाएं) अनुभाग-2.
7. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, कोषागार, लखनऊ।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(पी0बी0 सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-17 /2015/140 /47-का-3-2015-24/12/2001, दिनांक 31 मार्च, 2015 का संलग्नक

उत्तर प्रदेश प्रशासनिक अकादमी, लखनऊ हेतु सृजित अस्थायी राजपत्रित पदों के दिनांक 01 मार्च, 2015 से 29 फरवरी, 2016 तक चलते रहने की स्वीकृति

क्रम संख्या	पद नाम	पदों की संख्या	वेतनमान	शासनादेश व दिनांक द्वारा पद सृजित किया गया	शासनादेश संख्या जिसके द्वारा पदों की वर्ष 2014 से 2015 में चलते रहने की स्वीकृति प्रदान की गया थी।
1.	महानिदेशक	01	22400-525-24500	2295/का-3-2001/24/12/2001,दिनांक 11.01.2002	45/169//47-का-3-2014-24/12/01, दिनांक 14 मार्च, 2014
2.	निदेशक,(आई.ए.एस.)	01	18400-500-22400	-तदैव-	-तदैव
3.	अपर निदेशक	02	14300-400-18300	-तदैव-	-तदैव-
4.	संयुक्त निदेशक	01	12000-375-16500	-तदैव-	-तदैव-
5.	उप निदेशक	01	10000-325-15200	-तदैव-	-तदैव-
6.	सहायक निदेशक	02	8000-275-13500	-तदैव-	-तदैव-
7.	संकाय सदस्य	05	12000-375-16500	-तदैव-	-तदैव-
8.	वित्त अधिकारी	01	8000-275-13500	-तदैव-	-तदैव-

योग - 14

(पी0बी0 सिंह)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in